सच कहने की ताकत

साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-5 • 11 AUGUST TO 17 AUGUST 2023 • VOLUME 03 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863


**प्रेरणा**
मंजिलें चाहे जितनी ऊची हो, रास्ते हमेशा पैरों के नीचे ही होते हैं !

जल है तो कल है


Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
CONSULTING DESIGN TRAINING
ISO CERTIFIED 2015 COMPANY

✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD
Low Filing Charges & *Pay Money after the visa
•IELTS •STUDY ABROAD

CANADA AUSTRALIA USA U.K SINGAPORE EUROPE

E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663
REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.
*T&C apply


# लोकसभा में गिरा अविश्वास प्रस्ताव

## संसद की गरिमा के अनुरूप व्यवहार न करने पर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी सस्पेंड

**नई दिल्ली.** विपक्ष द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनकी सरकार के खिलाफ लाया अविश्वास प्रस्ताव लोकसभा में गिर गया। एक बार फिर से पीएम मोदी व उनकी सरकार की ताकत देखने को मिली। जब मोदी के भाषण के बाद अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग की बारी आई तब संसद में विपक्षी सदस्यों की मौजूदगी नहीं थी, जिसके बाद यह अविश्वास प्रस्ताव ध्वनि मत से गिर गया। वहीं संसद की गरिमा के अनुरूप व्यवहार नहीं करने को लेकर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी को सस्पेंड किया गया। संसदीय कार्य मंत्री ने उनके खिलाफ प्रस्ताव रखा जिसे मंजूरी दे दी गई। पीएम अपने भाषण के दौरान जबरदस्त तरीके से विपक्षी दलों पर हमलावर रहे।

**मणिपुर में शांति का सूरज उगेगा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मणिपुर की स्थिति को लेकर बृहस्पतिवार को लोकसभा में कहा कि निकट भविष्य में इस प्रदेश में शांति का सूरज उगेगा और वह नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेगा। उन्होंने लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए यह भी कहा कि मणिपुर में महिलाओं के खिलाफ अपराधों को अंजाम देने वालों को सजा दिलाने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि मणिपुर पर अदालत का एक फैसला आया। उसके पक्ष- विपक्ष में जो परिस्थितियां बनीं, हिंसा का दौर शुरू हो गया। कई लोगों ने अपने लोगों को खोया। महिलाओं के साथ गंभीर अपराध हुए। ये अपराध अक्षम्य हैं। दोषियों को




कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार भरपूर प्रयास कर रही है।

अधीर रंजन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने उन्हें बोलने का मौका नहीं दिया। यह आपकी उदारता थी कि आपने उन्हें बोलने की अनुमति दी, जबकि उनका समय समाप्त हो चुका था। लेकिन गुड़ का गोबर कैसे करना उसमें ये माहिर हैं। मुझे नहीं पता कि आपकी मजबूरी क्या है, अधीर बाबू को क्यों किनारे कर दिया गया। शायद कोलकाता से फोन आया था। कांग्रेस बार-बार उनका अपमान करती है। हम अधीर बाबू के प्रति अपनी पूरी संवेदना व्यक्त करते हैं। पीएम ने कहा कि विपक्ष के लोगों को एक रहस्य वरदान मिला हुआ है कि जिसका भी ये लोग बुरा चाहेंगे उसका भला ही होगा। अपने तरफ इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसा ही एक उदाहरण आपके सामने खड़ा है। 20 साल हो गए क्या कुछ नहीं हुआ पर भला ही हो गया।

### पीएम का राहुल पर निशाना- मोहब्बत की दुकान नहीं, लूट का बाजार है

लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहुल गांधी प्रति जबरदस्त तरीके से निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बार-बार कांग्रेस एक फेल प्रोजेक्ट को लॉन्च करने की कोशिश करती है। बिना नाम लिए उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस की परेशानी समझ सकता हूं। वर्षों से वे बार-बार एक असफल उत्पाद लॉन्च करते रहे हैं। हर बार लॉन्चिंग फेल हो जाती है। नतीजा यह है कि मतदाताओं के प्रति उनकी नफरत चरम पर पहुंच गयी है। उन्होंने कहा कि लॉन्चिंग विफल हो जाती है और वे मतदाताओं के प्रति घृणा रखते हैं। लेकिन पीआर वाले मोहब्बत की दुकान का प्रचार करते हैं। इसीलिए देश की जनता कह रही है, ये है लूट की दुकान, झूठ का बाजार। मोदी ने कहा कि कांग्रेस को परिवारवाद पसंद है, कांग्रेस को दरबारवाद पसंद है। उन्होंने कहा कि कल यहां दिल से बात करने की बात भी कहीं गई थी। उनके दिमाग के हाल को तो देश लंबे समय से जानता है। लेकिन अब उनके दिल का पता भी चल गया। उनका 'मोदी प्रेम' इतना प्रबल है कि उन्हें सपने में भी मोदी दिखते हैं। अगर मोदी भाषण देते वक्त पानी पी लें तो कहते हैं 'मोदी को पानी पिला दिया'। जब मैं चिलचिलाती धूप में गरीबों से मिलने जाता हूं तो अपना पसीना पोंछ लेता हूं, तो वे कहते हैं 'देखिए मोदी को पसीना ला दिया।

# 12 किलो हेरोइन के साथ तीन नशा-तस्कर काबू

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़/अमृतसर

मुख्यमंत्री भगवंत मान के दिशा-निर्देशों पर नशों के विरुद्ध शुरु की गई जंग के अंतर्गत पंजाब पुलिस ने तीन नशा-तस्करों को काबू करके और उनके पास से 12 किलो हेरोइन बरामद करके सरहद पार से चलाए जा रहे नशा-तस्करी रैकेट का पर्दाफाश किया है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान भिन्दर सिंह उर्फ भिन्दा निवासी गाँव दाउके, घरिंडा, अमृतसर; दिलबाग सिंह उर्फ मनु गाँव रजातल, घरिंडा, अमृतसर और मनीपाल सिंह उर्फ मनी निवासी गाँव छीना शबाजपुर राजा सांसी, अमृतसर के रूप में हुई है। हेरोइन की बरामदगी के अलावा पुलिस टीमों ने सफ़ेद रंग की हुंडई वरना कार भी ज़ब्त की है, जिसमें उक्त व्यक्ति सफर कर रहे थे।



एसएसपी अमृतसर (ग्रामीण) सतिन्दर सिंह ने बताया कि एफआईआर नं. 142 तारीख़ 9/ 8/ 2023 को थाना लोपोके में एन.डी.पी.एस एक्ट की धारा 21(सी), 25 और 29 के अंतर्गत केस दर्ज किया गया है।

# कटारूचक को हटाएं, नहीं तो कांग्रेस करेगी विरोध प्रदर्शन : बाजवा

***कहा- मुख्यमंत्री भगवंत मान बताएं कि दो गंभीर अपराधों में नाम आने के बाद भी कटारूचक को क्यों बचाया जा रहा***

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारूचक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने में उदासीनता के लिए आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार को दोषी ठहराते हुए विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से स्पष्टीकरण मांगा है कि आप सर्कार दागी मंत्री को बचा कर क्या उदाहरण सेट करने का प्रयास कर रही है?

वरिष्ठ कांग्रेस नेता बाजवा ने कहा कि अगर 'आप' सरकार दागी मंत्री के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने में विफल रही, तो पंजाब कांग्रेस 'आप' सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों की श्रृंखला शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि लाल चंद कटारूचक आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व के करीबी व्यक्ति माने जाते हैं। बाजवा



ने कहा कि मैं पंजाब के मुख्यमंत्री से अपील करता हूं कि वह इस मुद्दे को स्पष्ट करें और पंजाब के लोगों को बताएं कि क्या उनकी (कटरूचक की) दिल्ली में बैठी आम आदमी पार्टी की सीनियर लीडरशिप से नजदीकियां उनके खिलाफ कार्रवाई न करने का कारण है। कादियां से विधायक बाजवा ने कहा कि कटारुचक ने डीडीपीओ कुलदीप सिंह को पठानकोट के अतिरिक्त उपायुक्त के रूप में तैनात करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिन्होंने बाद में एडीसी बनने के कुछ दिनों बाद भूमि घोटाला किया था। ऐसा लगता है कि यह पूरी घिनौनी घटना एक सोची-समझी रणनीति थी।

# पंचायती ज़मीन घोटाला मामले में एडीसी और लाभार्थियों के ख़िलाफ़ केस दर्ज

## दो औरतें गिरफ्तार, बाकी मुलज़िमों को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी जारी

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब विजीलैंस ब्यूरो द्वारा 734 कनाल और 1 मरला पंचायती ज़मीन घोटाले के सम्बन्ध में सेवामुक्त ज़िला विकास और पंचायत अफ़सर (डी.डी.पी.ओ.) कुलदीप सिंह, जिसके पास ए.डी.सी. (डी) पठानकोट का प्रभार भी था और सात प्राईवेट व्यक्तियों के ख़िलाफ़ केस दर्ज किया गया है। इस मामले में दो औरतों को गिरफ्तार किया गया है। यहाँ विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि मुलज़िम एडीसी कुलदीप सिंह ने 27-02-2023 को वीना परमार और अन्य बनाम ग्राम पंचायत गाँव गोल, ब्लॉक नरोट जैमल सिंह, ज़िला पठानकोट के मामले में प्राईवेट व्यक्तियों के हक में फ़ैसला सुनाया था। उसके इस दुर्भाग्यपूर्ण फ़ैसले के कारण 734 कनाल और 1 मरला पंचायती ज़मीन कुछ प्राईवेट व्यक्तियों के नाम तबदील होने का रास्ता साफ हो गया था। पूर्व डीडीपीओ कुलदीप सिंह निवासी मकबूलपुरा (अमृतसर) और इस फ़ैसले के लाभार्थियों जिनमें वीना परमार निवासी कृष्णा नगर होशियारपुर, इन्दरदीप कौर निवासी फिरोज़पुर सिटी, भारती बांटा



निवासी कृष्णा नगर पठानकोट, तरसेम रानी निवासी गुरदासपुर, बलविन्दर कौर निवासी गाँव तारागढ़ (पठानकोट), मनजीत कौर निवासी गाँव तारागढ़ (पठानकोट) और प्रवीण कुमारी निवासी गाँव कलानौर (गुरदासपुर) शामिल हैं, के ख़िलाफ़ थाना विजीलैंस ब्यूरो, अमृतसर रेंज में एफआईआर दर्ज की गई है।

प्रवक्ता ने बताया कि मुलज़िम इन्दरदीप कौर निवासी फिरोज़पुर सिटी और भारती बांटा निवासी कृष्णा नगर पठानकोट, जिनको करीब 29 एकड़ पंचायती ज़मीन मिली, को गिरफ्तार कर लिया गया है और बाकी मुलज़िमों की गिरफ्तारी के लिए छापे मारे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले की आगे की जांच जारी है।

### फ़र्द के बदले रिश्वत लेता सेवादार काबू

विजीलैंस ब्यूरो ने मालेरकोटला के पटवारख़ाना तहसील दफ्तर, अहमदगढ़ में तैनात सेवादार गगनदीप सिंह को बलविन्दर सिंह निवासी बाज़ीगर बस्ती, धूरी (संगरूर) से 10,000 रुपए रिश्वत लेते हुए काबू किया है। बलविन्दर सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि सेवादार गगनदीप सिंह ने गाँव दसौंदा सिंह वाला में स्थित ज़मीन की फ़र्द मुहैया करवाने के बदले उससे 15,000 रुपए रिश्वत माँगी थी। शिकायतकर्ता ने दोष लगाया कि मुलज़िम कर्मचारी उसके पास से पहले ही 8 अगस्त, 2023 को 15,000 रुपए रिश्वत ले चुका है एवं अब और रिश्वत माँग रहा है। जांच के बाद विजीलैंस ब्यूरो की टीम ने ट्रैप लगाकर मुलज़िम सेवादार को सरकारी गवाहों की हाजिरी में शिकायतकर्ता से 10,000 रुपए रिश्वत लेते हुए मौके पर काबू कर लिया।

### पुडा का जेई और प्राईवेट सुरक्षा गार्ड रिश्वत लेने के दोष में गिरफ्तार

पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने पुडा की बठिंडा विकास अथॉरिटी में तैनात जूनियर इंजीनियर (जे.ई.) गुरविन्दर सिंह और एक प्राईवेट सुरक्षा गार्ड गुरमीत सिंह को 10,000 रुपए रिश्वत लेने के दोष में गिरफ्तार किया है। इस सम्बन्धी जानकारी देते हुए विजीलैंस ब्यूरो के आधिकारित प्रवक्ता ने बताया कि एडवोकेट गुरतेज सिंह गरेवाल निवासी मॉडल टाऊन फेज़-1 बठिंडा ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि वह हरचन्द सिंह सूबेदार से मॉडल टाऊन फेज़-1 बठिंडा में स्थित मकान नंबर एल.आई.जी.-2397 खरीदना चाहता था, जिसकी एन.ओ.सी. उसके नाम पर जारी होनी थी और हरचन्द सिंह ने इसके लिए 13 जुलाई, 2023 को ऑनलाइन आवेदन कर दिया था। शिकायतकर्ता ने आगे बताया कि वह कल मुलज़िम जे.ई. के दफ्तर में एन.ओ.सी. जारी करने सम्बन्धी अनुरोध करने गया था और उक्त जे.ई. ने उससे अपने प्राईवेट सुरक्षा गार्ड गुरमीत सिंह के द्वारा 10,000 रुपए रिश्वत माँगी। शिकायत की प्राथमिक जांच के बाद पता लगा कि मुलज़िम जे.ई. का प्राईवेट सुरक्षा गार्ड पहले ही शिकायतकर्ता से 5000 रुपए ले चुका था, जिसके उपरांत विजीलैंस ब्यूरो की टीम ने ट्रैप लगाकर दोनों मुलज़िमों को सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से बाकी रहती 5000 रुपए की रिश्वत लेते हुए मौके पर काबू कर लिया। गौरतलब है कि विजीलैंस ने मुलज़िमों के पास से पहली ली गई 5000 रुपए रिश्वत की राशि भी बरामद कर ली। इस सम्बन्धी दोनों मुलज़िमों के ख़िलाफ़ थाना विजीलैंस ब्यूरो, बठिंडा रेंज में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# डीजीपी ने पांच थानों समेत कई विकास प्रोजैक्टों का किया उद्घाटन



• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

मुख्यमंत्री भगवंत मान के दिशा-निर्देशों के अनुसार मज़बूत पुलिस बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए डायरैक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने सोमवार को बठिंडा जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायज़ा लेने के लिए किए गए दौरे के दौरान ज़िले में कई विकास प्रोजैक्टों का उद्घाटन किया। इन प्रोजैक्टों में पाँच पुलिस स्टेशनों की इमारतें जिनमें थाना सदर बठिंडा, थाना बालियांवाली, थाना नथाना, थाना सदर रामपुरा और थाना सिटी रामपुरा और बठिंडा के पुलिस पब्लिक स्कूल में स्थापित की गई नई कंप्यूटर लैब शामिल है।

स्वतंत्रता दिवस से पहले, डीजीपी द्वारा अमृतसर, फिरोज़पुर, फरीदकोट और बठिंडा समेत अलग-अलग पुलिस रेंजों की कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायज़ा लेने के लिए इन रेंजों में बैठकें करने के लिए दौरे किए गए थे।

अमृतसर रेंज के पाँच पुलिस जिलों-अमृतसर कमिश्नरेट, अमृतसर ग्रामीण, गुरदासपुर, पठानकोट और बटाला की बैठक अमृतसर में हुई, जबकि फिरोज़पुर रेंज और फरीदकोट रेंज की साझी बैठक फिरोज़पुर में हुई। आखिर डीजीपी ने बठिंडा रेंज का दौरा करके बठिंडा और मानसा ज़िलों के अधिकारियों के साथ बैठक की।

# अनुसूचित जातियों के ग्रैजुएट युवाओं के लिए मुफ़्त कोर्स

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

राज्य के निवासी पात्र ग्रैजुएट (बी. ए. पास) उम्मीदवारों को पंजाबी स्टैनोग्राफी की ट्रेनिंग के लिए भाषा विभाग पंजाब द्वारा ज़िला स्तर पर चलाए जा रहे ट्रेनिंग केन्द्रों में एक साल की मुफ़्त ट्रेनिंग देने के लिए 20 अगस्त, 2023 तक आवेदनों की माँग की है। सामाजिक न्याय, अधिकारिता और अल्पसंख्यक मंत्री डा. बलजीत कौर ने बताया कि आवेदक अनुसूचित जाति से सम्बन्धित और पंजाब राज्य का निवासी होना चाहिए। अनुसूचित जाति के केवल बेरोज़गार उम्मीदवार जिसकी न्यूनतम शैक्षिक योग्यता ग्रेजुएशन और दसवीं पंजाबी विषय से पास की हो, इस स्कीम का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। अनुसूचित जातियों से सम्बन्धित निर्धारित शर्तें पूरी करने वाले पात्र उम्मीदवार अपना आवेदन निर्धारित प्रोफार्मे में अपने ज़िला भाषा अफ़सर को और सहायक डायरैक्टर, भाषा विभाग, पंजाब, सरकारी कालेज, फेज़-6 एस. ए. एस. नगर को अपने सर्टीफिकेटों की सत्यापित कॉपियों और नवीनतम पासपोर्ट साइज़ फोटो सहित प्रोफार्मो में तारीख़ 20 अगस्त, 2023 तक भेज सकते हैं।



# पंजाब ने बाढ़ पीड़ितों के लिए केंद्रीय टीम से नियमों में मांगी छूट

***मुख्य सचिव अनुराग वर्मा ने कहा- राज्य के पास फंडों की कोई कमी नहीं, सिर्फ़ नियमों में बदलाव की ज़रूरत***

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब के मुख्य सचिव अनुराग वर्मा ने केंद्रीय टीम के समक्ष बाढ़ से हुए नुकसान की पूर्ति करने के लिए पीड़ितों की की जाने वाली मदद के नियमों में छूट देने की माँग की है। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा पहले ही केंद्रीय गृह मंत्री को पत्र लिख कर बताया गया है कि पीड़ितों को मुआवज़ा देने के लिए राज्य के आपदा राहत फंडों में कोई कमी नहीं, सिर्फ़ नुकसान की पूर्ति करने के नियमों में बदलाव की ज़रूरत है जिससे लोगों के नुकसान की पूरी भरपाई हो सके। पंजाब ने जान-माल के नुकसान के लिए मुआवज़ा राशि को बढ़ाने की माँग की है। पंजाब और पहाड़ी इलाकों में निरंतर मूसलाधार बारिश के कारण राज्य में आयी बाढ़ से हुए नुकसान का



ज़मीनी स्तर पर जायज़ा लेने के लिए पंजाब के दौरे पर आई सात सदस्यीय अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम ने विभिन्न जिलों का दौरा करने के बाद यहाँ पंजाब सिवल सचिवालय में मुख्य सचिव के साथ मीटिंग की। मीटिंग के दौरान विभागवार बाढ़ से हुए नुकसान की पेशकारी दिखाने के बाद मुख्य सचिव ने केंद्रीय टीम को विस्तृत रिपोर्ट सौंपी।

मुख्य सचिव वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री की तरफ से लिखे पत्र में पीड़ितों को दी जाने वाली मुआवज़ा राशि करीब दोगुनी करने की माँग की गई जैसे कि मृतक के परिवार को दी जाने वाली मुआवज़ा राशि 4 लाख रुपए से बढ़ा कर 8 लाख रुपए, फ़सल के नुकसान के लिए 17 हज़ार रुपए से बढ़ा कर 34 हज़ार रुपए, दुधारू पशुओं के लिए 37,500 से बढ़ा कर 75 हज़ार रुपए, क्षतिग्रस्त घर के लिए 1,20,000 रुपए से बढ़ा कर 2.40 लाख रुपए करने की माँग रखी गई है। इसी तरह और भी कई तरह के हुए नुकसान के लिए मुआवज़ा राशि बढ़ाने की माँग रखी गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपने लोगों की दुख की घड़ी में साथ खड़ी है और मुआवज़ा देने के लिए फंड भी है परन्तु सिर्फ़ केंद्रीय गृह मंत्रालय के नियमों के कारण वह उपयुक्त मुआवज़ा देने से असमर्थ है। इसलिए नियमों में बदलाव ज़रूरी है।

केंद्रीय टीम के प्रमुख राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अथॉरिटी के वित्तीय सलाहकार रवीनीश कुमार ने कहा कि उनकी टीम की तरफ से कई राज्यों का दौरा किया गया और हिमाचल प्रदेश के बाद सबसे अधिक नुकसान पंजाब में हुआ है। टीम के एक अन्य मैंबर इसरो से आए फ्लड मैपिंग और साइंटिस्ट/इंजीनियर के प्रमुख डा. ए. वी. सुरेश बाबू ने कहा कि सैटेलाइट तस्वीरों के द्वारा भी स्पष्ट हुआ है कि भारी बारिश ने पंजाब में काफ़ी नुकसान किया है और अधिकतर क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित है। मीटिंग में केंद्रीय टीम में शामिल कृषि और किसान कल्याण के डायरैक्टर बी. के. श्रीवास्तवा, ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंडर सचिव कैलाश कुमार, केंद्रीय जल आयोग के डायरैक्टर अशोक कुमार, वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग की सहायक डायरैक्टर अंजलि मौर्य और केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग से नवीन कुमार चौरसिया के इलावा पंजाब की तरफ से विशेष मुख्य सचिव राजस्व के. ए. पी. सिन्हा, प्रमुख सचिव जल सप्लाई और सेनिटेशन डी. के. तिवारी, प्रमुख सचिव बिजली तेजवीर सिंह, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य वी. पी. सिंह, प्रमुख सचिव जल स्रोत कृष्ण कुमार और प्रमुख सचिव लोक निर्माण नीलकंठ अवध भी उपस्थित थे।

# अगस्त में मिल रहे हैं दो लॉन्ग वीकेंड, मजेदार तरीके से छुट्टियां बिताने के लिए इन जगहों पर जाएं

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

ऑफिस के खूब कामों के बीच छुट्टी मिल पाना काफी मुश्किल होता है। ऐसे में वीकऑफ के साथ कोई छुट्टी मिल जाए तो घूमने की प्लानिंग कर सकते हैं। अगस्त के महीने में दो लॉन्ग वीकेंड मिल रहे हैं। बारिश के मौसम में नेचर को एन्जॉय करना चाहते हैं तो घूमने के लिए बेहतरीन डेस्टिनेशन प्लान करें। यहां जानिए अगस्त में मिल रही छुट्टियों को यादगार बनाने के लिए बेस्ट प्लेस।

## कब है लॉन्ग वीकेंड

अगस्त के महीने में दो लॉन्ग वीकेंड मिल रहे हैं जिसमें आपको एक दिन की छुट्टी लेनी होगी। दरअसल, 12 से 15 अगस्त तक पहला लॉन्ग वीकेंड है। जिसमें आपको 14 तारीक की छुट्टी लेनी होगी।

वहीं दूसरा लॉन्ग वीकेंड 26 से 30 तारीख तक है। इसमें आपको 29 की छुट्टी लेनी होगी। छुट्टियां फाइनल करने के बाद आप इन लॉन्ग वीकेंड पर घूमने जा सकते हैं।

## अगस्त के महीने में घूमने के लिए कहां जाएं

**माउंड आबू–** राजस्थान में माउंट आबू एक बेहद खूबसूरत प्लेस है जहां आप अगस्त के महीने में घूमने के लिए जा सकते हैं। बारिश के दिनों में यहां खूबसूरत नजारे दिखते हैं। यहां केसुंदर पहाड़ और हरी–भरी घाटी देखने लायक होती है। यहां नक्की झील में नाव की सवारी करना ना भूलें।

## माउंट आबू में घूमने की जगहें

- दिलवाड़ा मंदिर
- गुरु शिखर
- अचलगढ़ गांव
- अर्बुदा देवी मंदिर
- टॉड रॉक
- गौमुक मंदिर
- रघुनाथ मंदिर

**चेरापूंजी–** पूर्वोत्तर भारत में अगस्त में घूमने के लिए चेरापूंजी सबसे अच्छी जगहों में से एक है। यहां स्थानीय लोगों द्वारा बनाए गए जड़ पुलों को देखकर आप दंग रह जाएंगे। चेरापूंजी उन लोगों के लिए अच्छी है जो झरनों, रहस्यमय जंगलों, नदियों और गुफाओं जैसी जगहों को देखना पसंद करते हैं।

## चेरापूंजी में घूमने की जगहें

- नोहकलिकाई फॉल्स
- डबल डेकर लिविंग रूट ब्रिज
- मावसिनराम गांव
- सेवन सिस्टर्स फॉल्स
- मावसमाई गुफा
- द इको पार्क
- मावकडोक डिम्पेप वैली
- थांग खारंग पार्क
- खासी मोनोलिथ
- मावसिनराम रिजर्व फॉरेस्ट

**चिकमंगलूर–** कॉफी के बागान, घास के पहाड़, खूबसूरत घने जंगल, मंत्रमुग्ध कर देने वाले झरने और खूबसूरत नदियां देखने के लिए कर्नाटक में चिकमगलूर बिल्कुल बेस्ट है। अगस्त में जाने के लिए ये सबसे अच्छी जगहों में से एक है।

**RELIGIOUS TOUR**



## चिकमगलूर में घूमने की जगहें

- मुल्लायनगिरी
- हेब्बे फॉल्स
- बाबा बुंदनगिरी
- भद्रा वन्यजीव अभयारण्य
- भद्रा बांध
- हनुमान गुंडी फॉल्स
- चाय बागान
- कॉफी एस्टेट
- शरदंबा मंदिर
- माणिक्यधरा फॉल्स
- हिरेकोलाले झील

**स्ट्रेस खत्म कर कुछ दिन रिलैक्स करने के लिए घूमना-फिरना जरूरी है। अगस्त के महीने में दो लॉन्ग वीकेंड मिल रहें हैं, जिसमें आप घूमने की प्लानिंग कर सकते हैं।**

---

# खूब सारी सब्जी और सॉस से बनता है **मनचाऊ सूप**, पीने पर गले को मिलता है आराम

**बारिश के मौसम में उमस बढ़ जाती है जिसकी वजह से बैक्टिरिया जल्दी पनपने लगते हैं। इस मौसम में वायरल संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे में पीएं गले को आराम देने वाला मनचाऊ सूप।**




• **जालंधर ब्रीज.** रेसिपी

बारिश के मौसम में वायरल फीवर, गले में खराश, बेचैनी, शरीर में दर्द होना काफी कॉमन है। ऐसे में अगर इस मौसम में खान पान का ख्याल अच्छी तरह से रखा जाए तो आप खुद को संक्रमण से बचा सकते हैं। अगर किसी को गले में खराश और बेचैनी जैसी समस्या हो रही है तो हल्का खाना बेहतर है। ऐसे में आप खुद के लिए सूप बना सकते हैं। सूप सेहत के लिए फायदेमंद और स्वाद से भी भरपूर होते हैं। इस आर्टिकल में हम बता रहे हैं वेजिटेबल मनचाऊ सूप बनाने का तरीका।

## वेजिटेबल मनचाऊ सूप बनाने के लिए आपको चाहिए...

- पत्ता गोभी
- हरी प्याज
- गाजर
- शिमला मिर्च
- कॉर्नफ्लोर
- तेल
- लहसुन
- अदरक
- हरी मिर्च
- सोया सॉस
- ग्रीन चिली सॉस
- विनेगर
- काली मिर्च पाउडर
- नमक
- फ्राइड नूडल्स

## मनचाऊ सूप ऐसे बनाएं

इस सूप को बनाने के लिए सबसे पहले सारी सब्जियों को बारीक काट लें। अब आधा कप पानी में कॉर्नफ्लोर मिक्स करें। इसे अच्छी तरह से मिक्स करें और फिर एक साइड में रख दें। अब एक पैन में तेल गर्म करें और फिर इसमें अदरक, लहसुन और हरी प्याज डालें। 1 मिनट तक पकाएं और फिर इसमें सभी सब्जियों को डाल कर पकाएं। कम से कम 2 मिनट को लिए पकाएं और फिर इसमें पानी डालें। इसे मीडियम आंच पर ही पकाएं। ध्यान रखें, इसे बीच–बीच में चलाते रहें। अब इसमें सभी सॉस मिलाएं और अच्छे से मिक्स कर दें। फिर इसमें कॉर्नफ्लोर की स्लरी डालें और फिर इसे मीडियम आंच पर रखकर पकाएं। इसमें नमक और काली मिर्च पाउडर डालें और फिर 5 मिनट के लिए इसे पकाएं, सूप तैयार है गर्मागर्म सर्व करें। इसे सर्व करने के लिए इसके ऊपर हरी प्याज और फ्राइड नूडल्स डालें।

---

# जन्म लेते ही 24 घंटे में नहीं रोया नवजात तो होगी बड़ी दिक्कत

**PARENTING**

**क्या हो अगर कोई नवजता शिशु अपने जन्म के समय न रोए तो? आखिर क्यों डॉक्टर बच्चे के जन्म लेने के 24 घंटों के भीतर उसका रोना अच्छा मानते हैं?**



• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

कोई भी माता–पिता अपने बच्चे को रोता हुआ नहीं देखना चाहते हैं। हर पेरेंट्स का सपना होता है कि उनका बच्चा जब इस दुनिया में आए तो वो हंसता–मुस्कुराता हुआ हो। लेकिन क्या वास्तव में ऐसा होता है? जी नहीं, आपने भी अपने परिवार में या दोस्तों के यहां किसी नवजात को जन्म के समय हमेशा रोते हुए ही देखा होगा। क्या आप इसके पीछे की वजह जानते हैं? क्या हो अगर कोई नवजता शिशु अपने जन्म के समय न रोए तो? आखिर क्यों डॉक्टर बच्चे के जन्म लेने के 24 घंटों के भीतर उसका रोना अच्छा मानते हैं? आइए जानते हैं इन सब सवालों के पीछे की वजह।

## जन्म के समय क्यों है शिशु का रोना जरूरी?

जन्म के समय शिशु का रोना उसके जीवन का संकेत माना जाता है। शिशु के रोने से पता चलता है कि उसका दिल और फेफड़े अच्छी तरह काम कर रहे हैं। जोर–जोर से रोने वाला बच्चा संकेत देता है कि वो बिल्कुल स्वस्थ्य है। वहीं अगर कोई नवजात बहुत हल्की आवाज में रोता है तो इस बात की तरफ इशारा होता है कि उसे कुछ स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो सकती है।

## बच्चें का कितना रोना सामान्य बात-

एक स्वस्थ्य बच्चे को एक दिन या 24 घंटे में कम से कम 2–3 घंटे रोना ही चाहिए। लेकिन बच्चा अगर 4 घंटे से ज्यादा रो रहा है तो फिर आपको डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए। हालांकि शिशु जैसे–जैसे बड़ा होता है उसके रोने का समय भी कम हो जाता है।

---

# MAKEUP TIPS

## काजल लगाते वक्त दिन और रात का रखें ध्यान, यह आइडिया देंगे परफेक्ट लुक

**स्किन की तरह ही आंखों का मेकअप करते वक्त भी दिन और रात का ख्याल रखना जरूरी है। जिससे कि बिल्कुल ब्युटीफुल और परफेक्ट लुक मिले। इन 8 आई मेकअप आइडिया की मदद से परफेक्ट मेकअप कर सकते हैं**



• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

खूबसूरत दिखने के लिए मेकअप तो लगभग सभी लड़कियां करती हैं। लेकिन कई बार मेकअप इतना लाउड हो जाता है कि दिखने में अजीब लगता है। अगर आप मेकअप के जरिए खुद को खूबसूरत दिखाने की चाह रखती हैं तो पता होना चाहिए कि रात और दिन के मेकअप में कैसा फर्क रखें। स्किन का मेकअप तो लड़कियां अक्सर डे एंड नाइट लाइट के हिसाब से करती हैं लेकिन आई मेकअप के मामले में कुछ गलतियां कर देती हैं। अगर आप चाहती हैं कि बिल्कुल परफेक्ट लुक मिले तो आंखों के मेकअप में इस तरह की गलती ना करें।



### कैसा हो आई मेकअप

स्किन की तरह ही आंखों का मेकअप भी दिन और रात की लाइट के हिसाब से करना चाहिए। जिससे कि आंखें खूबसूरत नजर आएं।

### दिन में इस तरह से करें आई मेकअप

अगर आप ऑफिस, मूवी या फिर दोस्तों के साथ आउटिंग पर निकलीं हैं तो दिन के वक्त इस तरह का आई मेकअप खूबसूरत दिखाने में मदद करेगा।

### क्लासिक काजल

दिन के वक्त आंखों का मेकअप भी थोड़ा हल्का ही होना चाहिए। जो आपकी आंखों को नेचुरल ब्यूटीफुल दिखाएं। इसलिए केवल आंखों की लोअर लैशलाइन पर लगा काजल भी आपको खूबसूरत दिखाने में मदद करेगा।

### बेसिक कैट आई लाइनर

अगर आप विंग्ड आई लाइनर की दीवानी है तो दिन के वक्त हमेशा क्लासिक कैट आईलाइनर ही आंखों पर लगाएं। ये आंखों को बड़ा दिखाने में मदद करेगा और आपके चेहरे पर परफेक्ट लुक देगा।

### न्यूड आईशैडो

दिन के वक्त हमेशा न्यूड शेड आईशैडो का ही इस्तेमाल करें। साथ ही मैट लुक वाले, जिनमे शाइन ना हो। ये आपको पूरे चेहरे को बैलेंस लुक देंगे और बिल्कुल नेचुरल ब्यूटी नजर आएंगी।

### मस्कारा का सिंगल कोट

दिन के वक्त आंखों का हैवी मेकअप कम खूबसूरत लगता है। इसलिए हमेशा सिंगल कोट मस्कारा ही लगाएं। ये परफेक्ट लुक देगा।

### रात के वक्त आई मेकअप में रखें इन बातों का ध्यान

रात के वक्त पार्टी से लेकर डिनर डेट के लिए इस तरह के आई मेकअप ब्यूटीफुल लुक देंगे।

### स्मोकी आईज

अगर आप स्मोकी आईज पसंद करती हैं तो इसे रात में करें। जिससे इसका टेक्सचर और लुक खूबसूरत दिखे। दिन के वक्त स्मोकी आईज आंखों को काला दिखाएंगी और आपकी आंखें कम खूबसूरत लगेंगी।

### ड्रामेटिक विंग्ड

पार्टी में या फिर डिनर डेट पर ड्रामेटिक विंग्ड आईलाइनर खूबसूरत दिखता है। डार्क ब्लैक विंग्ड आईलाइनर रात के मेकअप में आपको परफेक्ट लुक देंगे।

### कलरफुल आईशैडो

अगर आप कलरफुल आईशैडो लगाना चाहती हैं तो नाइट मेकअप परफेक्ट दिखेगा। साथ ही नाइट आई मेकअप में ग्लिटर और हाईलाइटर भी खूबसूरत दिखता है।

### हैवी मस्कारा

रात के मेकअप में मस्कारे की डबल कोट आईलैशेज को भारी दिखाती हैं और खूबसूरत लगती हैं। साथ ही आंखों को अट्रैक्टिव दिखाती हैं।

---

**HYGIENE HABIT**

# महीने में एक बार चादर बदलना सही है, क्या आप जानते हैं बेडशीट धोने का सही तरीका?

**रोजाना जिस बिस्तर पर सोते हैं उसकी चादर को समय-समय पर बदलना काफी जरूरी है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसे कितने दिनों में बदलना चाहिए? नहीं, तो जानिए-**

• **जलंधर ब्रीज.** हेल्थ केयर

जिस बिस्तर पर सोते हैं, उसपर बेडशीट बिछाई जाती है। इसका इस्तेमाल हर घर में किया जाता है। चादर का साइज काफी बड़ा होता है, ऐसे में हर कोई इसे धोने के लिए अपनी सहूलियत देखता है। कुछ लोग बेडशीट को हफ्ते में एक या दो बार बदल लेते हैं, वहीं कुछ लोग महीने भर में इसे बदलते हैं। बेडशीट को लेकर ज्यादातर लोगों के मन में ये सवाल रहता है कि आखिर इसे कितने दिन में बदलना चाहिए। तो चलिए जानते हैं कितने दिन में बदलनी चाहिए चादर और इसे धोने का सही तरीका।

गंदी चादर से सेहत को होगा नुकसान

अगर आप एक बेडशीट को काफी लंबे समय तक बिछा रहने देते हैं, तो आपको कुछ बातें जाननी चाहिए। रिपोर्ट्स की मानें तो गंदे बेडशीट पर हजारों की संख्या में डेड स्किन सेल्स, डस्ट, तेल आदि जम जाते हैं जो संक्रमण का कारण बन सकते हैं। वहीं बहुत दिन तक एक ही बेडशीट रहने पर गंदगी और बैक्टीरिया बढ़ते हैं, जिससे स्किन से जुड़ी समस्याएं भी हो सकती हैं। ऐसे में समय समय पर चादर को बदलना जरूरी है।

क्या एक महीने में एक बार चादर बदलना सही है?

बिल्कुल नहीं, अगर आप एक महीने तक एक ही चादर को बिछा रहने देते हैं तो इससे सेहत को नुकसान हो सकता है। हफ्ते में एक बार अपनी बेडशीट बदलें। वहीं घर पर कोई पालतू जानवर है तो आप दो दिन में एक बार इसे बदलें।



## क्या है बेडशीट धोने का सही तरीका

बेडशीट धोने में ज्यादातर लोग गलती करते हैं। ध्यान रखें कि बाकी सारे कपड़ों के साथ चादरों को ना धोएं। अपनी चादरें हमेशा अलग से धोएं क्योंकि उन्हें सही से धोने की जरूरत होती है।

बेडशीट धोने का सही तरीका देख रहे हैं तो सबसे पहले हल्के डिटर्जेंट के साथ गुनगुने पानी में चादरों को भिगो दें। इसे धोने के लिए मशीन में डालें, फिर ड्राई करें और लटकाकर सुखाएं।



### ज़िला परिषद सदस्यों ने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह से भेंट कर, कर्तव्य पथ का भी भ्रमण किया

# अनुराग ठाकुर ने ऊना ज़िले के 13 जिला परिषद सदस्यों की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से कराई मुलाकात

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के ऊना ज़िले के 13 जिला परिषद सदस्य केंद्रीय सूचना प्रसारण व युवा कार्यक्रम व खेल मंत्री के आमंत्रण पर आज नई दिल्ली पहुंचे जहां उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति महोदया द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान महामहिम राष्ट्रपति महोदया से ज्ञानवर्धक परिचर्चा के साथ-साथ सभी सदस्यों को राष्ट्रपति भवन के अवलोकन का भी सुअवसर प्राप्त हुआ।

इसके पश्चात केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर सांसद अनुराग ठाकुर ने सभी सदस्यों को केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह जी से मिलवाया। गिरिराज सिंह जी ने सभी जिला परिषद सदस्यों से वार्तालाप कर अपने निजी अनुभव साझा किए और आने वाले भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की।

माननीयों से भेंट के बाद सभी जिला परिषद सदस्य कर्तव्य पथ भ्रमण पर भी गए जहां सभी सदस्य प्रसन्न दिखे व इन अवसरों हेतु अनुराग ठाकुर का धन्यवाद किया। जिला परिषद सदस्यों में शनीलम कुमारी, कृष्ण पाल शर्मा, कुलदीप कुमार, रजनी मनकोटिया, सतीश कुमार, रजनी कुमारी, नरेश कुमारी, सत्या देवी, उर्मिला देवी ,कमल किशोर सैनी, रमा कुमारी, ओमकारनाथ, रजनी बाला, संगीता देवी और सुशील कालिया जी शामिल रहे।









# मदन दास जी जैसे प्रभावशाली व्यक्तित्व के विचार और मूल्य सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे : पीएम मोदी

• *भारत के युवाओं पर मदन दास जी को अटूट भरोसा था। वे देशभर के युवाओं को आपस में जोड़ने की क्षमता रखते थे। उन्होंने अपने जीवन का लंबा कार्यकाल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) को मजबूत करने के लिए समर्पित कर दिया। मदन दास जी अपनी इस यात्रा में यशवंत राव केलकर जी से प्रभावित रहे, जिनके बारे में वे अक्सर बातें किया करते थे। यशवंत राव जी के कामों को उन्होंने न केवल आगे बढ़ाया, बल्कि उसे और समृद्ध किया।*

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

देश ने हाल ही में मदन दास देवी जी जैसी महान विभूति को खोया है। उनके जाने से मेरे साथ ही लाखों कार्यकर्ताओं को जो गहरा दुख हुआ, उसे शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। आज मन को समझाना मुश्किल है कि मदन दास जी हमारे बीच में नहीं हैं। लेकिन मदन दास जी जैसे प्रभावशाली व्यक्तित्व के विचार और मूल्य सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे, हमें प्रेरणा देते रहेंगे।

मैं अपने आपको सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे मदन दास जी के साथ वर्षों तक करीब से काम करने का अवसर मिला। मैंने उनकी सादगी और मृदुभाषी स्वभाव को भी बहुत नजदीक से जाना। उनका जीवन बहुत सहज था। न तो उन पर सादगी का बोझ था और ना दिखावे का नामोनिशान। वे पूरी तरह से संगठन को समर्पित व्यक्ति थे और मेरे पास भी लंबे समय तक संगठन के कार्यों का दायित्व रहा है। इसलिए अधिकतर समय हमारे बीच की बातचीत संगठन का विस्तार, व्यक्ति निर्माण जैसे पहलुओं पर केंद्रित रहती थी। एक बार मैंने उनसे पूछा कि वे मूल रूप से कहां के रहने वाले हैं। उन्होंने मुझे बताया कि वे तो महाराष्ट्र के सोलापुर के पास के एक गांव से आते हैं, लेकिन उनके पूर्वज गुजरात के थे। वैसे ये उन्हें पता नहीं था कि गुजरात में कहां से थे। मैंने उन्हें बताया कि देवी उपनाम से मेरे एक शिक्षक थे, जो विसनगर के रहने वाले थे, इसलिए हो सकता है कि आप भी उधर के ही हों। बाद में मदन दास जी विसनगर गए और मेरे गांव वडनगर भी गए। वो मुझसे अधिकतर समय गुजराती में ही बातचीत करते थे।

मदन दास जी धैर्यपूर्वक कार्यकर्ताओं की बातों को सुना करते थे और घंटों तक चली चर्चा को वो बहुत कम वाक्यों में संक्षेप में समेट लेते थे। उनकी एक विशेषता थी कि वे शब्दों से परे जाकर कार्यकर्ता की भावनाओं को बहुत जल्दी समझ लेते थे।

मदन दास जी की जीवन यात्रा दर्शाती है कि कैसे स्वयं को पीछे रखकर और सामान्य कार्यकर्ताओं को जोड़कर बड़ी-बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। उनके पास Chartered Accountant की ट्रेनिंग थी, इसलिए वे चाहते तो आरामदायक जीवन जी सकते थे, लेकिन उनके जीवन का उद्देश्य कुछ और ही था। उन्होंने राष्ट्रनिर्माण को ही अपने जीवन का लक्ष्य बनाया।

भारत के युवाओं पर मदन दास जी को अटूट भरोसा था। वे देशभर के युवाओं को आपस में जोड़ने की क्षमता रखते थे। उन्होंने अपने जीवन का लंबा कार्यकाल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) को मजबूत करने के लिए समर्पित कर दिया। मदन दास जी अपनी इस यात्रा में यशवंत राव केलकर जी से प्रभावित रहे, जिनके बारे में वे अक्सर बातें किया करते थे। यशवंत राव जी के कामों को उन्होंने न केवल आगे बढ़ाया, बल्कि उसे और समृद्ध किया।

मदन दास जी का हमेशा जोर रहता था कि एबीवीपी के कामों में अधिक से अधिक छात्राओं की भागीदारी हो, और न सिर्फ ये भागीदारी तक सीमित रहे, बल्कि छात्राएं गतिविधियों का नेतृत्व करें। वे अक्सर कहते थे कि जब छात्राएं किसी सामूहिक गतिविधि में शामिल होती हैं तो वह प्रयास और ज्यादा संवेदनशील बन जाता है। विद्यार्थियों से मदन दास जी का गहरा लगाव था और वो अक्सर छात्रावासों में विद्यार्थियों के बीच घुलमिल जाते थे। आयु में फर्क होने के बावजूद वो नई पीढ़ी के साथ बहुत सहजता से तालमेल बिठा लेते थे। वे विद्यार्थियों के बीच हमेशा ऐसे काम करते रहे, जैसे पानी के बीच कमल। विद्यार्थियों के बीच रहकर भी वे कभी University Politics का हिस्सा नहीं बने।

सामाजिक और राजनीतिक जीवन में कई ऐसे लोग हैं, जिनके जीवन को गढ़ने में मदन दास जी की बहुत बड़ी भूमिका रही है। लेकिन मदन दास जी ने कभी इस बात को प्रकट नहीं किया, क्योंकि यह उनके स्वभाव में ही नहीं था।

आजकल People Management, Talent management और Skill Management के Concepts बहुत ज्यादा Popular हैं। मदन दास जी यह बखूबी समझ लेते थे कि किस व्यक्ति में किस तरह की स्किल है और उसका टैलेंट संगठन के हित में कैसे काम आ सकता है। उनमें यह खासियत थी कि वे लोगों को उनकी क्षमताओं और टैलेंट के अनुरूप ही दायित्व सौंपते थे। जिस प्रकार एक माला में मोतियों को पिरोते हैं, उसी प्रकार वे कार्यकर्ताओं को भी संगठन में उचित दायित्व के साथ जोड़ देते थे। जब भी किसी कार्यकर्ता के पास कोई नया आइडिया होता था, तो उसकी हमेशा ये इच्छा रहती थी कि वो मदन दास जी के साथ शेयर करे। और इसकी एक वजह ये थी कि मदन दास जी नए आइडियाज को सुनने के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। उनके साथ काम करने वाले लोग Self-motivated होते थे, इस कारण से उनके नेतृत्व में न सिर्फ संगठनों का बहुत तेजी से विकास और विस्तार हुआ, बल्कि संगठन कहीं अधिक प्रभावी और सशक्त बने।

आम तौर पर सार्वजनिक जीवन में लोगों को लगता है कि बहुत सारे लोगों से मिलना चाहिए, उनसे संपर्क करना चाहिए। मदन दास जी संपर्क को लेकर बहुत सेलेक्टिव थे। किससे मिलना, कब मिलना और जब मिलूंगा तो उससे क्या बात करना और इसमें कितना समय जाएगा। इन सबकी वो प्लानिंग करते थे। मदन दास जी के जो प्रवास और कार्यक्रम होते थे, उनमें वो कभी भी कार्यकर्ताओं पर बोझ नहीं बनते थे। उनका आना एक बहुत बड़े लीडर के साथ जो सुनामी आती है, उस तरह नहीं रहता था। वे एक ठंडी-मीठी लहर की तरह आकर चले जाते थे। और सारे कार्यकर्ताओं को, पूरी स्थानीय इकाई को प्रेरणा से भर देते थे।

मैं अंतिम समय तक सतत उनके संपर्क में रहा। मैं हाल में जब भी उनको फोन करता था तो वे चार बार पूछने के बाद ही अपनी बीमारी के बारे में बात करते थे। अन्यथा वे हंसकर टाल जाते थे। उनकी इच्छा रहती थी कि मैं किसी पर बोझ नहीं बनूं। शारीरिक कष्ट के बावजूद भी वे प्रसन्नचित्त नजर आते थे। बीमारी में भी उनके मन में हमेशा ये भाव रहता था कि मैं समाज के लिए, देश के लिए क्या करूं।

मदन दास जी का Academic Record काफी शानदार था और इसने उनके काम करने के तरीकों को एक खास आयाम दिया। वे बहुत अच्छे पाठक भी थे। जब भी कुछ अच्छा पढ़ते थे, तो उसे उस विषय से संबंधित लोगों को भेज देते थे। मुझे अक्सर ऐसी चीजें उनसे प्राप्त होती थीं, जिन्हें मैं अपने लिए बहुत उपयोगी पाता था। अर्थशास्त्र और नीतिगत मामलों की वे बहुत गहरी समझ रखते थे। वे एक ऐसा भारत देखना चाहते थे, जो किसी पर भी निर्भर नहीं हो। मदन दास जी ने एक ऐसे भारत की कल्पना की थी, जिसके प्रत्येक नागरिक के लिए आत्मनिर्भरता जीवन की वास्तविकता हो। एक ऐसे समाज का निर्माण हो जहां सम्मान, सशक्तिकरण और सामूहिक समृद्धि की भावना हो। आज भारत एक के बाद एक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनता जा रहा है, इसे देखकर उनसे ज्यादा खुश कोई नहीं होता।

आज जब हमारा लोकतंत्र जीवंत है, युवा आत्मविश्वास से भरे हैं और देश उम्मीदों, आशाओं और आकांक्षाओं से भरा है, तब मदन दास देवी जी जैसी विभूतियों को याद करना बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। उनका पूरा जीवन समाज की सेवा और राष्ट्र के उत्थान के लिए समर्पित रहा।

# पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के मुरीद हुए 'आप' चीफ अरविंद केजरीवाल, दिल खोलकर की तारीफ



• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

दिल्ली में सेवा पर नियंत्रण से जुड़े विधेयक पर साथ देने को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस पार्टी की तारीफ की है। केजरीवाल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सांसद राहुल गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को लेटर लिखकर ना सिर्फ उनका आभार जताया बल्कि दिल खोलकर प्रशंसा भी की है। उम्र और खराब स्वास्थ्य की बाधाओं को तोड़कर भी व्हीलचेयर पर बैठकर संसद पहुंचे पूर्व पीएम की उन्होंने सराहना की है।

पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को लिखे लेटर में अरविंद केजरीवाल ने जीएनसीटीडी (अमेंडमेंट) बिल 2023, पर साथ देने के लिए आभार जताया और दिल्ली की 2 करोड़ जनता की ओर से कृतज्ञता जाहिर की। राहुल और खड़गे के लिए एक जैसे लेटर लिखने वाले केजरीवाल ने पूर्व पीएम के लिए अधिक लंबा खत लिखा और उनकी जमकर तारीफ की।

केजरीवाल ने कहा, 'मैं इस बात को रिकॉर्ड पर लाते हुए दिल से आपकी सराहना करता हूं कि राज्यसभा में आपने दिल्ली की जनता के अधिकारों की बात की। उम्र और खराब स्वास्थ्य के बावजूद हमारी ओर से आपकी मौजूदगी, सभी बाधाओं के बावजूद भारत के लोकतंत्र और संघीय ढांचे को संरक्षित करने के लिए शांति, अनुग्रह और दृढ़ विश्वास की कहानी बताती है। राज्यसभा में आपकी मौजूदगी ने साफ संदेश दिया कि भारतीय लोकतंत्र को कमजोर करने के किसी भी प्रयास का विरोध पार्टी लाइन से ऊपर उठकर किया जाएगा।'

केजरीवाल ने आगे कहा कि संविधान के सिद्धांतों के प्रति आपकी अटल निष्ठा को दशकों तक याद रखा जाएगा और आने वाली संसदीय पीढ़ी को प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने आगे कहा, 'हम दिल्ली के नागरिकों की अधिकारों की रक्षा के लिए नए फेज में प्रवेश कर रहे हैं, हम संविधान की अनदेखी कर रही ताकतों के खिलाफ लड़ाई में आपके समर्थन और गाइडेंस की अपेक्षा करते हैं।'

# सांसद भारत दर्शन की बेटियों का अनुराग ठाकुर ने आवास पर की अगवानी, हमीरपुर में बेटियों का ढोल नगाड़ों से स्वागत

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

सांसद भारत दर्शन 2.0 का आज समापन हो गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर व उनकी पत्नी श्रीमती शेफाली ठाकुर ने अपने दिल्ली स्थित आवास पर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की 21 मेधावी बेटियों की अगवानी की, इस यात्रा से जुड़े उनके अनुभव सुने व उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

यात्रा के समापन पर केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने सभी बेटियों को दिल्ली स्थित अपने आवास पर आमंत्रित कर उनकी अगवानी की।

ठाकुर ने कहा, "इन 6 दिनों में बेटियों ने दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कई विश्वप्रसिद्ध स्थानों को देखा, प्रभावशाली लोगों से मिलीं, बहुत कुछ देखा-समझा।

हमने अपने आवास पर बेटियों की आगवानी की और उनसे बात करके पता चला इस भारत दर्शन कार्यक्रम का उन पर बहुत ही सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। उनके सोचने-समझने और दुनिया को देखने के दृष्टिकोण में व्यापक बदलाव आया है, जिसे देखना सुखद है। बेटियों को बहुत शुभकामनाएँ, बहुत आशीष"







अनुराग ठाकुर से भेंट के बाद बेटियाँ काफ़ी प्रसन्न दिखीं "सांसद भारत दर्शन हमारे सांसद अनुराग ठाकुर जी द्वारा शुरू की गई अनूठी योजना है, जिसकी वजह से हमें बहुत एक्सपोज़र मिल रहा है, नई चीजों को सीखने देखने को मिल रहा है। हम इसके लिए अपने सांसद जी के बहुत आभारी हैं"

दिल्ली में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के आवास पर उनसे स्नेहिल भेंट के पश्चात सभी बेटियां चंडीगढ़ के रास्ते हमीरपुर पहुंची जहां लोगों ने उनका फूल व नगाड़ों से स्वागत किया।

# दकोहा फ्लाईओवर की धीमी रफ्तार से लोगों में मची हुई हाहाकार














• **जालंधर ब्रीज.** विशेष रिपोर्ट

अमृतसर पानीपत हाईवे कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में खोटी नियत से शुरू हुआ था। परंतु भाजपा के तेज-तर्रार मंत्री नितिन गडकरी भी इस हाईवे को अपने 9 वर्ष के कार्यकाल में नहीं सुधार पाए। जिसका परिणाम है कि लोगों को पिछले 15 वर्षों से नर्क जैसा संताप भोगना पड़ रहा है। इसके लिए सीधे तौर पर जिम्मेवार प्रोजेक्ट डायरेक्टर अंबाला डिवीजन के अफसर हैं। इनकी भ्रष्ट नीतियों के कारण इस हाईवे पर वह टोल टैक्स तो वसूल रहे हैं परंतु सुविधा के नाम पर लोगों को एहसास करा रहे कि देश में सरकार किसी की भी हो परंतु सिस्टम को अफसर ही चलाते हैं।

इस बात का प्रमुख प्रमाण पिछले तीन वर्षों से पीएपी फ्लाईओवर को बंद करके दिया और फिर जिस मुद्दे को रामा मंडी फ्लाईओवर के निर्माण के दौरान ही जालंधर ब्रिज द्वारा प्रशासन को अवगत करवाया गया था कि इस फ्लाईओवर के निर्माण से कोई फायदा नहीं होगा। क्योंकि जिस जगह फ्लाईओवर उतर रहा है उससे कुछ ही दूरी पर दकोहा फाटक है और इसके बंद होने पर यहां से निकलने वाला ट्रैफिक हाईवे तक पहुंच जाएगा ऐसे में जाम की स्थिति से दो-चार होना पड़ेगा, और हुआ वही फ्लाईओवर के शुरू होने के बाद दकोहा फाटक के पास ट्रैफिक के कारण जाम लगने लगा। ऐसे में हाईवे प्रशासन जागा और इसके हल के लिए फ्लाईओवर बनाने की योजना बनाई और पिछले 2 वर्ष पहले ही सिक्योरिटी कारणों से दीवार का निर्माण करवाया गया था जिसको इस फ्लाईओवर के निर्माण के लिए तोड़ा गया और जनता के टैक्स के रूप में दिए हुए करोड़ों रुपए बर्बाद किए गए। जनता को एक बार फिर बताया गया कि जनता आज भी गुलाम है। आजादी से पहले गोरे अफसरों की अब भ्रष्टाचार की चादर ओढ़े काले अफसरों की।

गौरतलब है कि इस हाईवे के निर्माण के दौरान हाईवे नियमों की पूरी धज्जियां उड़ाई गई। देखने में आया है कि निर्माण से पहले हाईवे पर वाहनों की निर्विघ्न आवाजाही के लिए जो स्लिप रोड का निर्माण किया गया, वह इतना कमजोर निकला कि कुछ ही समय में जवाब दे गया और उसमें जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए जोकि राहगीरों के लिए खतरनाक हैं और इससे गुजरते वक्त लगभग 1 किलो मीटर लंबे जाम का सामना करना पड़ता है।

बता दें कि मार्च महीने में इस प्रोजेक्ट की समय-सीमा खत्म होने के बारे में पूछा गया तो प्रोजेक्ट डायरेक्टर द्वारा इसकी तारीक 30 जून बताई गई थी और अब अगस्त महीना भी खत्म होने को है और प्रोजेक्ट की धीमी रफ्तार यह बयान कर रही है कि इसको अभी भी काफी समय लगेगा। इस प्रोजेक्ट को देख रहे साइट इंजीनियर पुलकित से जब फोन पर बात की गई तो उन्होंने प्रोजेक्ट खत्म होने की डेडलाइन के बारे में किसी प्रकार की जानकारी होने से इंकार किया और कहा कि चेक करके कंफर्म कर पाएंगे। यह इस बात का प्रमाण है कि जिस साइट इंजीनियर को फ्लाईओवर के निर्माण के लिए लगाया गया है वह कितना गंभीर है।

ऐसे अफसर नितिन गडकरी को यह बताना चाह रहे हैं कि मैं तुम्हारे सपनों का भारत नहीं बनने दूंगा और इस बात से शंका और बढ़ जाती है कि ठेका प्राप्त कंपनी द्वारा इसको तयशुदा मापदंड से ही इसका निर्माण किया जा रहा है या इसमें भी कोई गड़बड़ी है। यह सब जांच का विषय है। अब आने वाला वक्त ही बताएगा कि इस प्रोजेक्ट की देरी के कारण आने-जाने वाले राहगीर और कितने दिनों तक संताप झेलेंगे।

## डिप्टी कमिश्नर ने अनुसूचित जाति पर अत्याचार के मामले में तुरंत न्याय देने के लिए निर्देश

*मुआवजे के लिए 32 केस प्राप्त हुए*

• **जालधर ब्रीज.** जालंधर



डिप्टी कमिश्नर विशेष सारंगल ने गुरुवार को पुलिस विभाग और जिला अटॉर्नी दफ्तर को अनुसूचित जातियों के खिलाफ अत्याचार के मामलों में तुरंत न्याय सुनिश्चित करने के लिए अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989 अधीन मामलों की जांच समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। यहां जिला प्रशासकीय परिसर में आयोजित बैठक के दौरान,डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि जिला स्तरीय समिति को मुआवजे के लिए कमिश्नरेट पुलिस, जालंधर ग्रामीण पुलिस और जिला अटॉर्नी दफ्तर से 32 मामले प्राप्त हुए है।सारंगल ने जिला सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक अधिकारी को अत्याचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों अधीन सभी स्वीकृत मामलों में प्रभावित लोगों को मुआवजा देने को सुनिश्चित करने को कहा। जिले में डिप्टी कमिश्नर एससी/एसटी. एससी/एसटी समुदाय के हितों की रक्षा करने के लिए अत्याचार निवारण अधिनियम को प्रभावी ढंग से लागू करने की वकालत की। उन्होंने कहा कि एस.सी./एस.टी. अत्याचार निवारण अधिनियम अधीन कोई भी व्यक्ति जो शिकायत दर्ज करवाने वाला कोई भी व्यक्ति एक्ट की अलग-अलग धाराओं अधीन एफआईआर दर्ज करवाने के बाद मुआवजे के योग्य है।

उन्होंने कहा कि एफ.आई.आर पुलिस द्वारा दर्ज की जाती है जबकि जिला अटॉर्नी दफ्तर जांच करता है कि एफ.आई.आर में डाली गई धाराएं ठीक है या नहीं। बैठक में पुलिस द्वारा दर्ज किए गए मामलों और जिला अटार्नी द्वारा लड़े जा रहे केसों के बारे में विचार-विर्मश किया गया। इन केसों को प्राथमिकता के आधार पर हल करवाने के लिए और अधिक प्रयास करने का निर्णय लिया गया।

### अधिग्रहीत जमीन के मुआवजे की बांट में तेजी लाने के निर्देश

नैशनल हाईवे अथारिटी आफ इंडिया के सलाहकार (एन.एच.ए.आई.) के सलाहकार (भूमि अधिग्रहण) हुसन लाल और डीसी विशेष सारंगल ने अधिग्रहीत जमीन के मुआवजे की शीघ्र बांट पर जोर दिया। यहां जिला प्रशासकीय परिसर में दिल्ली-कटरा एक्सप्रैस-वे, 6-लेन जालंधर बाईपास और अमृतसर-बठिंडा प्रोजैक्टों की स्थिति का जायजा लेते हुए उन्होंने अधिकारियों को मुआवजे के मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि इन प्रोजैक्टों में देरी ना हो। उन्होंने अधिकारियों से काम में तेजी लाने के लिए एकजुट होकर काम करने को कहा ताकि ट्रैफिक जाम को कम करने, पर्यटन को बढ़ावा देने, सड़क सुरक्षा और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के इलावा आर्थिक गतिविधियों को बड़ा बढ़ावा मिल सके। एनएचएआई सलाहकार हुसन लाल और डिप्टी कमिश्नर विशेष सारंगल ने कहा कि छे लेन वाला जालंधर बाईपास, जिसकी कुल लंबाई 46.50 किलोमीटर है,भारतमाला प्रोजैक्ट अधीन काहलवां से शुरू होकर सरमस्तपुर और मदारा से होते हुए कंग साबू पर समाप्त होता है, जो पंजाब के उत्तर-दक्षिणी रास्ते में भीड़ को कम करने में मददगार होगा।




## 77वें स्वतंत्रता दिवस पर डिप्टी कमिश्नर कैप्टन करनैल सिंह फहराएंगे तिरंगा

• **जालंधर ब्रीज.** कपूरथला

डिप्टी कमिश्नर कैप्टन करनैल सिंह 15 अगस्त को स्थानीय गुरु नानक स्टेडियम में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे।

77वें स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (जनरल) अमरप्रीत कौर संधू ने गुरूवार को जिला प्रशासनिक परिसर में संबंधित अधिकारियों के साथ समागम की तैयारियों और व्यवस्थाओं की समीक्षा की और निर्देश दिया कि सभी आवश्यक इंतजाम समय पर किए जाएं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह को मुख्य रखते हुए सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, समुचित साफ-सफाई तथा सड़कों एवं चौराहों के साफ सफ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस समारोह को पूरी देशभक्ति के साथ मनाने का आग्रह करते हुए कहा कि स्टेडियम में लोगों के आगमन को देखते हुए तैयारियां एवं व्यवस्थाएं समय पर पूरा कियी जाये। अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर अमरप्रीत कौर संधू ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल 14 अगस्त को गुरु नानक स्टेडियम में होगी। उन्होंने बताया कि समागम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति पर आधारित प्रस्तुतियां भी दी जायेंगी।

## युवाओं के हाथों में है देश का भविष्य : कोमल मित्तल




*डिप्टी कमिश्नर ने युवक सेवाएं विभाग व पंजाब राज्य एड्स कंट्रोल सोसायटी की ओर से करवाए गए रैड रन मैराथन को दी हरी झंडी*

• **जालंधर ब्रीज.** होशियारपुर

युवक सेवाएं विभाग पंजाब व पंजाब राज्य एड्स कंट्रोल सोसायटी के सहयोग से आईके गुजराल पीटीयू कैंपस होशियारपुर में सहायक डायरेक्टर युवक सेवाएं विभाग होशियारपुर प्रीत कोहली के नेतृत्व में रैड रन मैराथन का आयोजन किया गया। एचआईवी व नशे के बुरे प्रभावों के प्रति युवाओं को जागरुक करने के उद्देश्य से आयोजित इस रैड रन मैराथान को मुख्य मेहमान डीसी कोमल मित्तल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैड रन मैराथन मुकाबला 5 किलोमीटर करवाया गया, जिसमें 200 से अधिक रैन रीबन क्लबों के वालंटियरों ने हिस्सा लिया।

डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि युवाओं के हाथों में ही देश का भविष्य है। इसलिए देश के युवाओं का शारीरिक व मानसिक तौर पर स्वस्थ होना बहुत जरुरी है। इस मौके पर पहले स्थान पर आने वाले सरकारी कालेज होशियारपुर के सूरज, दूसरे स्थान पर आने वाले जीकेएसएम सरकारी कालेज टांडा के सिमरन व तीसरे स्थान पर आने वाले पंडित जे.आर बहुतकनीकी कालेज के कुलजीत पाल को क्रमवार तीन हजार, दो हजार व एक हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया।

## ... आपके साथ वारदात, लूटपाट की घटना हो तो उसको बुरा सपना समझ कर भूल जाएं

• **जालंधर ब्रीज.** विशेष रिपोर्ट

**क्राइम अलर्ट**





तस्वीर साभार Social Media

पंजाब में पिछले डेढ़ वर्ष से आम आदमी पार्टी की सरकार सत्ता पर काबिज है। इसे मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा सुचारू रूप से चलाया जा रहा है जोकि अफसरों से बर्दाश्त नही हो पा रहा है। उन्हें यह समझना मुश्किल हो रहा है कि कमेडियन की भूमिका निभाने वाला एक मशहूर फिल्म 'नायक' की तरह मुख्यमंत्री की भूमिका कैसे निभाने में सक्षम हो गया। सीएम बनने के बाद भगवंत मान सरकार में कैसे एक-एक कर इतने बड़े फैसले लेते चले जा रहे हैं और फिल्म 'नायक' की तरह बता रहे हैं कि पंजाब के भले के लिए क्या करना है और क्या नहीं।

वक्त की नज़ाकत को समझते हुए कुछ अफसरों ने तो अपनी भूमिका को सुधार लिया है वहीं कुछ अभी भी टकसाली पार्टियों के इशारे पर काम कर रहे हैं। यहां प्रमाण के तौर पर कई बार टकसाली नेता अपने भाषणों में कह चुके हैं कि अफसर तो आज भी उनका कहना मानते हैं। सरकार चाहे उनकी नहीं है पर सिस्टम उनका ही काम कर रहा है और इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री भगवंत मान को है और सीएम ने अपने भाषणों में उन अफसरों को सीधे तौर पर चेता भी चुके हैं कि सही तरह से काम करने की आदत डाल लो नहीं तो लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं होगी। परंतु इस बात का असर पंजाब पुलिस के कुछ भ्रष्ट अफसरों पर बिल्कुल नहीं है जिस कारण पंजाब में लॉ एंड ऑर्डर बिगड़ने, चोरी, लूटपाट की वारदातों ने जिस कदर जोर पकड़ा हुआ है, इससे लोगों को यूपी के योगी की याद आने लगी है। पंजाब में चर्चा होने लगी है कि अगर योगी होते तो शायद पंजाब के यह हालात ना होते। हालांकि भगवंत मान की ईमानदारी पर किसी को संदेह नहीं है पर पंजाब पुलिस को हैंडल करने में उनकी एफिशिएंसी कम नजर आ रही है। इस बात का प्रमाण यह कि अक्सर पंजाब पुलिस द्वारा प्रेस कांफ्रेंस करके यह तो बताया जा रहा है कि हमने इस वारदात को ट्रेस करके अपराधियों को पकड़ लिया। परंतु यह नहीं प्रयास किए जा रहे हैं कि पंजाब में बढ़ रही वारदातों को कैसे रोका जाए। यह बातें इस बात का प्रमाण देती हैं कि पंजाब जैसे संवेदनशील राज्य का खुफिया तंत्र अच्छे से काम नहीं कर रहा जिस कारण अपराधियों के हौंसले दिन व दिन बुलंद होते जा रहे हैं। क्योंकि उक्त विभाग मुख्यमंत्री के पास है तो सवाल भी उनपर ही उठेंगे।

अब आने वाले दिनों में देखना होगा कि जिस प्रकार भ्रष्टाचारियों के खिलाफ मुख्यमंत्री ने जंग का आग़ाज किया है, क्या अपराधियों के मन में भी ख़ौफ पैदा कर पाएंगे या लोग पंजाब में आए दिन हो रही वारदात, लूटपाट जैसी घटनाओं को एक बुरा सपना समझ कर भूल जाएं।

### 2 महीने पहले चोरी बाइक का अभी तक पता नहीं, गरीब जनता की कौन सुनता है...



मेरी बाइक फगवाड़ा, चहेड़ू लवली यूनीवर्सिटी के लॉ गेट के पास पार्क थी जब वह चोरी हो गई। संबंधित थाने में गया पर वहां इस चोरी संबंधी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। सिर्फ एक पेपर पर घटना के बारे में लिखकर नंबर लगा खानापूर्ति कर दी गई जिसे अब दो महीने बीत चुके हैं।

-विपन कुमार, पीड़ित

## विश्व कप 2023 से पहले नंबर चार बना टीम इंडिया के लिए मुसीबत

**मुंबई.** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने गुरुवार को कहा कि युवराज सिंह के संन्यास लेने के बाद भारतीय वनडे टीम में बल्लेबाजी क्रम में नंबर चार पर कोई भी बल्लेबाज खास सफल नहीं हो पाया। जो कि आगामी विश्वकप से पहले टीम के लिए एक मसला है। वनडे विश्व कप में अब दो महीने से भी कम का समय बचा है लेकिन भारत अब भी बल्लेबाजी क्रम में नंबर चार स्थान के लिए उपयुक्त खिलाड़ी ढूंढ रहा है। इससे पहले 2019 के विश्व कप में भी भारतीय टीम के लिए यह स्थान बड़ा मसला बना हुआ था। चोटिल होने के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद अब वापसी की तैयारियों में जुटे श्रेयस अय्यर ने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 20 मैचों में 805 रन बनाए जिसमें दो शतक और पांच अर्धशतक शामिल हैं।

**'श्रेयस अय्यर के आंकड़े शानदार हैं' :** बता दें कि, रोहित ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, 'देखिए बल्लेबाजी क्रम में नंबर चार स्थान पिछले लंबे समय से एक मसला बना हुआ है। युवराज सिंह के संन्यास लेने के बाद कोई भी अन्य खिलाड़ी इस नंबर पर अपना स्थान पक्का नहीं कर पाया। लेकिन पिछले कुछ समय से श्रेयस अय्यर नंबर चार पर बल्लेबाजी कर रहा था और उसने अच्छा प्रदर्शन भी किया। उसके आंकड़े वास्तव में शानदार हैं।'



फोटो-बीसीसीआई

भारतीय कप्तान ने आगे कहा, 'दुर्भाग्य से चोटिल होने के कारण वह परेशानी में रहा। चोटिल होने के कारण वह पिछले कुछ समय से बाहर है और ईमानदारी से कहूं तो पिछले चार-पांच वर्षों से ऐसा हो रहा है। इनमें से कई खिलाड़ी चोटिल हो गए और ऐसे में नए खिलाड़ी को उस स्थान पर बल्लेबाजी के लिए उतरना पड़ा।'

**नंबर-4 पर अलग-अलग खिलाड़ी :** रोहित शर्मा ने आगे कहा कि, बल्लेबाजी क्रम के प्रमुख स्थानों के खिलाड़ियों के चोटिल हो जाने से टीम को नुकसान पहुंच रहा है। पिछले चार-पांच वर्षों में काफी खिलाड़ी चोटिल हुए हैं। जब कोई खिलाड़ी चोटिल हो जाता है या चयन के लिए उपलब्ध नहीं रहता है तो फिर आप अलग अलग खिलाड़ियों के साथ अगल तरह की चीजें आजमाने की कोशिश करते हैं। बल्लेबाजी क्रम में नंबर चार स्थान के लिए मैं असल में यही कहना चाहता हूं।'

रोहित ने कहा, ''यहां तक कि जब मैं कप्तान नहीं था तब भी मैं इस पर गौर कर रहा था। कई खिलाड़ी आए और चले गए। या तो वे चोटिल हो गए या फिर वह चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे या फिर किसी ने अपनी फॉर्म खो दी थी।" बल्लेबाजी क्रम में नंबर पांच के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर भारत की प्राथमिकता रहे केएल राहुल और अय्यर वापसी की तैयारियों में हैं।

अय्यर और केएल राहुल की वापसी पर रोहित ने कहा कि, यह दोनों खिलाड़ी कैसा प्रदर्शन करते हैं इसके लिए इंतजार करना होगा।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.